# अमौसी एयरपोर्ट के नए टर्मिनल की आज प्रधानमंत्री देंगे सौगात

## आजमगढ़ से रिमोट से करेंगे उद्घाटन, लखनऊ से पांच शहरों की फ्लाइटें भी होंगी शुरू

## अमौसी एयरपोर्ट पर कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। अमौसी एयरपोर्ट के नए टर्मिनल टी-3 का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को आजमगढ़ से रिमोट से उद्घाटन करेंगे। वे लखनऊ से पांच जिलों की सस्ती उड़ानों का भी शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर अमौसी एयरपोर्ट पर होने वाले कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया उपस्थित रहेंगे।

पीएम रविवार को आजमगढ़ में होंगे। वे आजमगढ़ एयरपोर्ट सहित देश के 14 हवाई अड्डों का शुभारंभ करेंगे। मोदी दो टर्मिनलों का भी उद्घाटन करेंगे, जिनमें अमौसी एयरपोर्ट का टर्मिनल टी-3 भी शामिल है। अवसर पर अमौसी एयरपोर्ट पर होने वाले कार्यक्रम में सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह व एयरपोर्ट के निदेशक जीत अदाणी भी रहेंगे।

एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि नए टर्मिनल का काम कारोना काल से पहले शुरू हुआ था। 1400 करोड़ से शुरू हुए काम की लागत बढ़कर 3900 करोड़ रुपये पहुंच गई है। टर्मिनल का एक हिस्सा बनकर तैयार है, जिसका शुभारंभ किया जाएगा। बाकी का काम पूरा होने में समय लगेगा।



अमौसी एयरपोर्ट का नया टर्मिनल टी-3। स्रोत : वीडियोग्रैब

## जर्मनी के फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट जैसा होगा लुक

अमौसी एयरपोर्ट का नया टर्मिनल जर्मनी के फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाया जा रहा है। इसका लुक बेहद खास है। हाल ही टर्मिनल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जो पसंद किया गया। इस टर्मिनल में इंटीरियर से लेकर यात्री सुविधाओं तक पर विशेष रूप से काम किया गया है।

### ...इसलिए खास है नया टर्मिनल

- टर्मिनल टी-3 के पूरी तरह तैयार हो जाने पर अमौसी एयरपोर्ट की क्षमता बढ़ जाएगी। 1,15,000 वर्गमीटर जमीन पर बनाए जा रहे इस टर्मिनल के तैयार होने पर सालाना 1.30 करोड़ यात्रियों की आवाजाही हो सकेगी। यह टर्मिनल एक साथ 4000 यात्रियों को होल्ड कर सकेगा। इस पर 14 एयरोब्रिज, 30 लिफ्ट होंगी। यहां से 3200 घरेलू व 800 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन हो सकेगा। टर्मिनल के बाहर 1500 वाहनों के लिए मल्टीलेवल पार्किंग भी बन रही है।

**...पर बनी रहेंगी यात्रियों की समस्याएं :** एयरपोर्ट का नया टर्मिनल शुरू होने के बाद भी यात्रियों का संघर्ष जारी रहेगा। दस मिनट में यात्री को पिक व ड्रॉप कर टोल तक पहुंचने की होड़ में फर्राटा भरने वाले वाहनों से बचते हुए सड़क पार करने की चुनौती रहेगी। हालांकि, एयरपोर्ट प्रशासन का कहना है कि नया टर्मिनल शुरू होते ही मेट्रो स्टेशन का दूसरा गेट खुल जाएगा। इसके आगे लिफ्ट लगी है, जिससे यात्री सीधे नए टर्मिनल तक पहुंच सकेंगे।

## 10,400 करोड़ से बनेगा टी-4

भविष्य की जरूरतों को देखते हुए अमौसी एयरपोर्ट प्रशासन एक और टर्मिनल की रूपरेखा तैयार कर चुका है। टी-3 के बनने के बाद चौथा टर्मिनल बनाया जाएगा, जिसकी पर्यावरणीय अनुमति ली जा चुकी है। इस टर्मिनल की कुल लागत 10,400 करोड़ रुपये आएगी।

## ₹1048 में कर सकेंगे हवाई सफर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ से आजमगढ़, मुरादाबाद, चित्रकूट, श्रावस्ती और अलीगढ़ की उड़ानों को हरी झंडी दिखाएंगे। फ्लाईबिग एयरलाइन की इन फ्लाइटों का किराया 1048 रुपये रहेगा। 19 सीटर उड़ानों का शेड्यूल जारी किया जा चुका है।

## लाइट हाउस प्रोजेक्ट का भी होगा लोकार्पण

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को राजधानी के प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों को लाइट हाउस प्रोजेक्ट की सौगात देंगे। केंद्र सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज- इंडिया के तहत लखनऊ की अवध विहार योजना के सेक्टर पांच में लाइट हाउस प्रोजेक्ट बनाया गया है। दो हेक्टेयर में फैले प्रोजेक्ट का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनवरी 2021 को शिलान्यास किया था। इसमें पीवीसी फ्रेमवर्क के साथ प्री इंजीनियर्ड स्टील स्ट्रक्चरल सिस्टम से निर्माण किया गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)



- प्रोजेक्ट में 34.50 वर्गमीटर कारपेट एरिया के 1040 भवन शामिल हैं। परियोजना में आवास के साथ कम्यूनिटी सेंटर, कॉमर्शियल सेंटर, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, पेयजल, ड्रेनेज, आंतरिक सड़कें, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर लाइट, खुले हरित क्षेत्र, पार्किंग सहित अन्य सुविधाएं हैं।
- परियोजना की कुल लागत 130.90 करोड़ है। हर आवास पर केंद्र और राज्य सरकार की ओर से कुल 7.83 लाख रुपये दिए गए हैं। 5.26 लाख रुपये लाभार्थी से लिए जाएंगे। 1040 आवासों का आवंटन किया जा चुका है।